समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 29 September 2026

# इधर अमेरिका-चीन मे डील हुई, उधर R Power ने पलट दी पूरी कहानी, स्टॉक मे दिखी 10 फीसदी की तेजी।

Publisher

Published on 12 May 2025



## अगर पूरे वित्त वर्ष 2024–25 की बात करे तो रिलायंस पावर (Reliance Power) ने कुल 2,947.83 करोड़ का प्रॉफिट दिखाया है. सोचिए, पिछले साल यानी FY24 मे कंपनी 2,068.38 करोड़ के घाटे मे थी.

सोमवार को अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ को लेकर डील हो गई. चीन ने कहा कि वह अमेरिकी सामानों पर 10 फीसदी टैक्स लगाएगा, तो वहीं अमेरिका ने चीनी सामानों पर टैरिफ 145 फीसदी से घटाकर 30 फीसदी कर दिया है.

इधर ये खबर अभी चल ही रही थी कि उधर रिलायंस पावर के शेयरों ने जबरदस्त तेजी दिखा दी. मार्केट खुलते ही आर पावर के शेयर 10.2 फीसदी उछलकर सीधा 42.60 रुपये के भाव पर पहुंच गए. हालांकि, इस तेजी में अमेरिका-चीन के ट्रेड डील का कोई हाथ नहीं है, बल्कि ये कंपनी के जनवरी-मार्च 2025 की तिमाही नतीजों का असर है.

दरअसल, कंपनी ने जनवरी-मार्च 2025 की तिमाही में 126 करोड़ का जबरदस्त प्रॉफिट कमाया है, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में उसे 397.56 करोड़ का घाटा हुआ था. यही वजह है कि R Power के शेयरों में इतनी तेजी देखने को मिल रही है.

रिलायंस पावर ने पलट दी पूरी कहानी
अब आप सोच रहे होंगे कि ये कमाल हुआ कैसे ? तो आपको बता दें, इसका सबसे बड़ा कारण है खर्चों में जबरदस्त कटौती. कंपनी की आमदनी थोड़ी घटी है, जो अब 2,193.85 करोड़ से गिरकर 2,066 करोड़ रह गई. लेकिन खर्च इतने घटा दिए गए कि

फायदा होने लगा. खर्च पहले 2,615 करोड़ थे, जो अब सिर्फ 1,998.49 करोड़ रह गए हैं.

साल भर में कमाया बड़ा मुनाफा

अगर पूरे वित्त वर्ष 2024–25 की बात करें तो रिलायंस पावर ने कुल 2,947.83 करोड़ का प्रॉफिट दिखाया है. सोचिए, पिछले साल यानी FY24 में कंपनी 2,068.38 करोड़ के घाटे में थी. यानी इस वित्त वर्ष में पूरी कहानी ही पलट गई है. इतना ही नहीं, कंपनी ने पिछले 12 महीनों में 5,338 करोड़ का कर्ज भी चुका दिया है.

इसका असर ये पड़ा कि कंपनी का debt-to-equity ratio सुधर कर अब 0.88:1 हो गया है, जबकि पिछले साल ये 1.61:1 था. यानी फाइनेंशली कंपनी अब ज्यादा मजबूत दिख रही है.

टेक्निकल एनालिसिस क्या कहता है?

अब अगर टेक्निकल लेवल की बात करें, तो RSI (Relative Strength Index) फिलहाल 44.1 है. यानी ना ज्यादा खरीदी का दबाव, ना ज्यादा बिकवाली का. लेकिन MACD के हिसाब से अभी भी स्टॉक में मंदी के संकेत दिख रहे हैं.

स्टॉक फिलहाल अपने 10, 20, 30, 100 और 150 दिन के सिम्पल मूविंग एवरेज से नीचे चल रहा है, लेकिन 50 और 200 दिन के एवरेज से ऊपर है. यानी लॉन्ग टर्म में उम्मीद बाकी है.

स्टॉक का परफॉर्मेंस कैसा रहा?

शुक्रवार को शेयर 38.6 पर बंद हुआ था, जब सेंसेक्स खुद 1.1 फीसदी गिरा था. वैसे 2025 में अब तक स्टॉक 13.5 फीसदी नीचे है, लेकिन अगर पीछे दो साल देखें तो 222 फीसदी की धांसू ग्रोथ दिखाई है और हां, कंपनी की मार्केट वैल्यू भी 15,525 करोड़ तक पहुंच चुकी है.

रिलायंस पावर का दमदार पोर्टफोलियो

रिलायंस ग्रुप की इस कंपनी के पास 5,305 मेगावॉट की ऑपरेशनल क्षमता है. इनमें से 3,960 मेगावॉट तो सिर्फ सासन पावर से आते हैं, जो दुनिया का सबसे बड़ा कोयला-आधारित पावर प्लांट है. बड़ी बात ये है कि सासन पावर पिछले सात सालों से भारत का "बेस्ट परफॉर्मिंग पावर प्लांट" बना हुआ है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.